महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद्
विकास भवन, तृतीय तल, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक
नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़
☎0771-2960319, email id-nregastatecell@gmail.com



क्रमांक 2510 /2021–ब/3/वि–7/MGNREGA/लोक./2024 अटल नगर, रायपुर, दिनांक 08/10/2024

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
छत्तीसगढ़ इंफोटेक एण्ड बायोटेक प्रमोशन सोसायटी (Chips),
तृतीय तल, स्टेट डाटा सेंटर बिल्डिंग,
नवीन सर्किट हाऊस के सामने,
सिविल लाईन्स, रायपुर, छत्तीसगढ़।
पिनकोड– 492001

विषय :– महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत "लोकपाल अपीलीय प्राधिकरण" के सदस्य की नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदनों पर दावा–आपत्ति के लिए सूची वेबसाईट पर अपलोड करने बाबत्।

//0//

विषयांतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन अंतर्गत संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत् लोकपाल द्वारा पारित 'अवार्ड' के विरूद्ध अपीलीय हेतु राज्य स्तर पर गठित **"त्रि–सदस्यीय लोकपाल अपीलीय प्राधिकरण"** में सिविल सेवा (Civil Service) क्षेत्र अनुभव के आधार पर 01 सदस्य की नियुक्ति के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। जिसके परिपेक्ष्य में प्राप्त आवेदनों को परीक्षण कर पात्र/अपात्र आवेदनों को सूचीबद्व किया गया है, जिस पर दावा–आपत्ति प्राप्त करने हेतु सची संलग्न कर प्रेषित है।

कृपया छत्तीसगढ़ शासन की अधिकृत वेबसाईट www.cgstate.gov.in के "Notice Board" उक्त दावा–आपत्ति सूची प्रारूप को दिनांक 15/10/24 से दिनांक 14/11/24 तक अपलोड करवाने का कष्ट करें, जिसका लिंक **"महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत "त्रि–सदस्यीय लोकपाल अपीलीय प्राधिकरण" के** एक सदस्य सिविल सेवा (Civil Service) **की नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदनों पर दावा–आपत्ति करने के संबंध में'** के नाम से प्रदर्शित हो।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

(रजत बंसल)
आयुक्त
महात्मा गांधी नरेगा
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

क्रमांक 2511 /2021–ब/3/वि–7/MGNREGA/लोक./2024 अटल नगर, रायपुर, दिनांक 08/10/2024

प्रतिलिपि :– एम.आई.एस नोडल अधिकरी, महात्मा गांधी नरेगा, विकास भवन नवा रायपुर अटल नगर का महात्मा गांधी नरेगा के वेबसाईट में समान जानकारी अपलोड करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

आयुक्त
महात्मा गांधी नरेगा
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद्
विकास भवन, तृतीय तल, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक
नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन अंतर्गत संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत् लोकपाल द्वारा पारित 'अवार्ड' के विरूद्ध अपीलीय हेतु राज्य स्तर पर गठित "त्रि–सदस्यीय लोकपाल अपीलीय प्राधिकरण" में सिविल सेवा **(Civil Service)** क्षेत्र अनुभव के आधार पर 01 सदस्य की नियुक्ति के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। जिसके परिपेक्ष्य में प्राप्त आवेदनों को परीक्षण कर पात्र/अपात्र आवेदनों को सूचीबद्ध किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

क्र.	आवेदक का नाम	पात्र/अपात्र	अपात्र होने पर कारण
1	2	3	4
1	सुश्री मीना चंदले	अपात्र	आवेदक द्वारा अधिवक्ता, लोकपाल, काउन्सलर/एक्सपर्ट आदि के रूप मे सेवा प्रदाय करने का उल्लेख किया गया है किंतु सिविल सेवा क्षेत्र मे विज्ञापन में उल्लेखित अनुभव नहीं रखती है।
2	श्रीमती सरिता मालवीया	अपात्र	सिविल सेवा क्षेत्र मे विज्ञापन में उल्लेखित अनुभव नहीं रखती है।
3	श्री दुलेश्वर सिंह चन्द्राकर	अपात्र	आवेदक द्वारा छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग में वर्ष 1980 से 2018 तक उप अभियंता तथा वर्ष 2018–2021 तक सहायक अभियंता के पद पर कार्य किया गया है। आवेदक द्वारा विज्ञापन मे उल्लेखित अर्हता की कंडिका–03 की पुष्टि हेतु अपने अनुभव के क्षेत्र में प्रख्यात एव सत्यनिष्ठा तथा निरापधार होने संबधी कोई प्रमाण–पत्र/दस्तावेज संलग्न नहीं किया गया है।
4	श्री सुनील रॉय	अपात्र	आवेदक द्वारा लोकपाल, सलाहकार, अधिवक्ता, कार्यक्रम प्रबंधक, सुपरवाईजर, लेखापाल, शिक्षक आदि के रूप में सेवा प्रदाय करने का उल्लेख किया गया है किंतु सिविल सेवा क्षेत्र मे विज्ञापन में उल्लेखित अनुभव नहीं है।

टीप: विज्ञापन में उल्लेखित अर्हता की कंडिका–03 की पुष्टि हेतु अपने अनुभव के क्षेत्र में प्रख्यात एव सत्यनिष्ठा तथा निरापराध होने संबधी शपथ–पत्र मान्य होगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन अंतर्गत संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत् "त्रि–सदस्यीय लोकपाल अपीलीय प्राधिकरण" में सिविल सेवा **(Civil Service)** पद हेतु प्राप्त आवेदनों में दी गई जानकारी एवं संलग्न दस्तावेज/ अभिलेख के आधार पर उपरोक्तानुसार पात्र एवं अपात्र सूची तैयार किया गया है। इस संबंध में किसी को दावा–आपत्ति होने पर सुसंगत दस्तावेजों के साथ आवेदन स्पीड/ पंजीकृत डाक से दिनांक–14/11/25 को संध्या 5:00 बजे तक आयुक्त महात्मा गांधी नरेगा, विकास भवन, तृतीय तल कक्ष कमांक–19 सेक्टर–19 नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किया जा सकता है।

आयुक्त
महात्मा गांधी नरेगा
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)